# आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

## प्रेस विज्ञप्ति

## 03.07.2020

## आरेडिका महाप्रबंधक ने उत्कृष्ठ कार्य के लिए अधिकारी को किया पुरस्कृत

महाप्रबंधक श्री विनय मोहन श्रीवास्तव ने उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/फर /समन्वय श्री बी. के. पाण्डेय को बेहतर कार्य प्रदर्शन के लिए दिनांक 02.07.2020 को महाप्रबंधक सभागार मे पुरस्कृत किया एवं प्रशस्ति–पत्र प्रदान किया।

श्री बी. के. पाण्डे को सितंबर 2019 में उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/फर /समन्वय के पद पर उच्च गुणवत्ता एवं आउटटर्न में पर्याप्त वृद्धि के उद्देश्य से पदस्थापित किया गया था। सितंबर 2019 तक औसतन 137 कोच प्रतिमाह का आउटटर्न हो रहा था। श्री पाण्डेय ने कार्ययोजना तैयार करने तथा उसे लागू करने की उत्कृष्ठ क्षमता का प्रदर्शन करते हुए अत्यंत कम समय में कोचों का उत्पादन 137 से बढ़ाकर औसतन 180 कोच प्रतिमाह करने में महती भूमिका निभाई। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि इनके कुशल नेतृत्व में आरेडिका द्वारा दिसंबर 2019 में 220 कोचों का उत्पादन किया गया जो अबतक का सर्वाधिक मासिक उत्पादन है।

आरेडिका द्वारा 2019–20 में 1930 कोचों का उत्पादन किया गया जो श्री पाण्डेय के समर्पित एवं निष्ठापूर्वक कार्य से हीं संभव हो सका। महाप्रबंधक महोदय ने कहा कि श्री बी.के. पाण्डेय कि कर्त्तव्यनिष्ठा, सर्मपण एवं कार्य क्षमता सराहनीय है और उनके उज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

इस अवसर पर प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता श्री अनूप कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

(वी. के. दूबे) 03/07/2020.
मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी